an>

Title: Need to promote use of bricks made from flyash and cement to reduce pollution.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन तथा सरकार का ध्यान देश में चल रहे लाखों ईट-भट्टों की ओर दिलाना चाहता हूं। इन ईट-भट्टों से एक ओर प्रदूÂषण फैलता है और दूसरी ओर हर साल अच्छी और कीमती जमीन की लाखों एकड़ उपजाऊ मिट्टी निकाली जा रही है। इस प्रकार से इनसे दोहरा नुकसान हो रहा है, इसलिए मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि अगर सरकार इन पर प्रतिबन्ध लगाकर फ्लाई ऐश तथा सीमेंट से बनने वाली ईंटों को प्रोत्साहन देने की कोई योजना बनाए, तो उससे देश में प्रदूÂषण भी रुकेगा और देश के खेतों की कीमती तथा उपजाऊ मिट्टी भी नÂट नहीं होगी।

महोदय, एक स्टडी के मुताबिक 2,000 ईट-भट्टों से उतना प्रदूÂषण होता है, जितना भारत सरकार ने पेरिस-वार्ता में प्रदूÂषण कम करने की बात की है। अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह फ्लाई ऐश और सीमेंट से बनने वाली ईंटों को प्रोत्साहित करे और ईट-भट्टों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्ध लगाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Laxmi Narayan Yadav.